स्वास्थ्य मंत्रालय | शिक्षा मंत्रालय

Ontario

COVID-19 स्कूल और चाइल्ड केयर स्क्रीनिंग

संस्करण 4: 24 फ़रवरी, 2021

स्कूल
या चाइल्ड केयर में जाने से पहले, छात्रों और बच्चों की हर दिन COVID-19 के लिए स्क्रीनिंग अवश्य करनी चाहिए। माता-पिता/अभिभावक इसे बच्चे की ओर से भर सकते हैं।

तारीख (mm-dd-yyyy) ___________________

स्क्रीनिंग प्रश्न

1. **पिछले 14 दिनों में, छात्र/बच्चे या जिस किसी के साथ वे रहते हैं उनमें से किसी ने कनाडा के बाहर की यात्रा की है?** ☐ हाँ ☐ नहीं
   यदि क्वॉरन्टीन की जरूरतों से छूट दी गई है (उदाहरण के लिए, एक आवश्यक कार्यकर्ता जो काम के लिए नियमित रूप से कनाडा-अमेरिका सीमा पार करता है), तो "नहीं" चुनें।

2. **क्या किसी डॉक्टर, स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता या सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाई ने आपसे कहा है कि वर्तमान में छात्र/बच्चे को अलग (घर पर) रहना चाहिए?** ☐ हाँ ☐ नहीं
   ऐसा प्रकोप या संपर्क ट्रेसिंग के कारण हो सकता है।

3. **पिछले 14 दिनों में, छात्र/बच्चे की पहचान किसी ऐसे व्यक्ति के "करीबी संपर्क" के रूप में की गई है जिसे वर्तमान में COVID-19 है?** ☐ हाँ ☐ नहीं

4. **पिछले 14 दिनों में, छात्र/बच्चे को उनके सेल फ़ोन पर COVID जोखिम अलर्ट नोटिफ़िकेशन मिला है?** ☐ हाँ ☐ नहीं
   यदि वे पहले ही परीक्षण करवा चुके हैं और एक परिणाम नेगेटिव था, तो "नहीं" चुनें।

5. **क्या छात्र/बच्चा वर्तमान में इनमें से किसी भी लक्षण का अनुभव कर रहा है?**
   इनमें से कोई भी/सभी चुनें जो नया है, बढ़ रहा है और अन्य ज्ञात कारणों या उनके पहले से किसी चिकित्सा स्थितियों से संबंधित नहीं है।

बुखार और/या ठंड लगना 37.8 डिग्री सेल्सियस/100 डिग्री फ़ैरेनहाइट या अधिक का तापमान	☐ हाँ	☐ नहीं
खाँसी या काली खाँसी (कुकुर खाँसी) लगातार, सामान्य से अधिक, सांस लेते समय सीटी बजना, (अस्थमा, संक्रमण के बाद सांस की नली की प्रतिक्रिया या अन्य ज्ञात कारण या स्थितियाँ जो उन्हें पहले से हैं उनसे संबंधित नहीं है।)	☐ हाँ	☐ नहीं
सांस लेने में तकलीफ़ सांस न ले पाना, गहरी सांस लेने में असमर्थ (अस्थमा या अन्य ज्ञात कारण या स्थितियाँ जो उन्हें पहले से हैं उनसे संबंधित नहीं है)	☐ हाँ	☐ नहीं
गंध या स्वाद में कमी होना या पता न चलना मौसमी एलर्जी, तंत्रिका संबंधी विकार या अन्य ज्ञात कारण या स्थितियाँ जो उन्हें पहले से हैं उनसे संबंधित नहीं है)	☐ हाँ	☐ नहीं
गले में खराश या निगलने में कठिनाई निगलने पर दर्द होना (मौसमी एलर्जी, खट्टी डकार या अन्य ज्ञात कारण या स्थितियाँ जो उन्हें पहले से हैं उनसे संबंधित नहीं है)	☐ हाँ	☐ नहीं
बहती या भरी/बंद नाक मौसमी एलर्जी, ठंड के मौसम में बाहर रहने या अन्य ज्ञात कारण या स्थितियाँ जो उन्हें पहले से हैं उनसे संबंधित नहीं है	☐ हाँ	☐ नहीं
सिरदर्द असामान्य या लंबे समय से है (तनाव के कारण सिरदर्द, पुराना माइग्रेन या अन्य ज्ञात कारण या स्थितियाँ जो उन्हें पहले से हैं उनसे संबंधित नहीं है)	☐ हाँ	☐ नहीं

मतली, उल्टी और/या दस्त होना कब्ज/अनियमित मलत्याग होना, चिंता, मासिक धर्म के कारण पेट में ऐंठन या अन्य ज्ञात कारण या स्थितियाँ जो उन्हें पहले से हैं उनसे संबंधित नहीं है	☐ हाँ ☐ नहीं
अत्याधिक थकावट या मांसपेशियों में दर्द असामान्य थकान, ऊर्जा की कमी, शिशु की भूख में कमी (अवसाद, अनिद्रा, थायराइड की गड़बड़ी, अचानक चोट लगना या अन्य ज्ञात कारण या स्थितियाँ जो उन्हें पहले से हैं उनसे संबंधित नहीं है)	☐ हाँ ☐ नहीं

6. **छात्र/बच्चा वर्तमान में जिसके साथ रहता है उनमें से कोई COVID-19 के किन्हीं नए लक्षणों का अनुभव कर रहा है और/या लक्षणों का अनुभव करने के बाद परीक्षण के परिणामों की प्रतीक्षा कर रहा है?** ☐ हाँ ☐ नह

स्क्रीनिंग प्रश्नों के परिणाम

! यदि आपने प्रश्न 1 या 3 के लिए "हाँ" में उत्तर दिया है तो स्कूल या चाइल्डकेयर न जाएँ।

- छात्र/बच्चे को सेल्फ़-आइसोलेट (घर पर) रहना चाहिए और परीक्षण या आपातकालीन चिकित्सा के अलावा किसी अन्य कारण से बाहर नहीं जाना चाहिए।
- यदि आपने **प्रश्न 1 का उत्तर "हाँ"** में दिया है तो सार्वजनिक स्वास्थ्य की सलाह का पालन करें। आपकी स्थानीय सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाई द्वारा अनुमति दिए जाने के बाद छात्र/बच्चा स्कूल/चाइल्डकेयर में लौट सकता है।
  - भाई-बहन या आपके घर के अन्य लोगों को 14 दिनों के लिए सेल्फ़-आइसोलेट (घर पर) रहना चाहिए।
- यदि आपने **प्रश्न 3 का उत्तर "हाँ"** में दिया है, तो आप COVID-19 परीक्षण की आवश्यकता सहित सलाह या मूल्यांकन प्राप्त करने के लिए डॉक्टर/स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से संपर्क करें। छात्र/बच्चा 14 दिनों के बाद ही स्कूल/चाइल्ड केयर में लौट सकते हैं, भले ही उनका परिक्षण परिणाम नेगेटिव हो।
  - यदि आप प्रांत के टोरंटो जैसे विशिष्ट क्षेत्रों में रहते हैं, तो भाई-बहन और आपके घर के अन्य लोगों को 14 दिनों के लिए घर पर रहना चाहिए। ऐसा स्थानीय जोखिम कारकों के कारण है।
  - यदि आप ओंटारियो के अन्य क्षेत्रों में रहते हैं, तो भाई-बहन और आपके घर के अन्य लोग स्कूल, चाइल्डकेयर या काम पर जा सकते हैं, लेकिन अन्य गैर-जरूरी कारणों के लिए घर से बाहर नहीं जाना चाहिए। अधिक जानकारी के लिए अपने स्कूल/चाइल्डकेयर से संपर्क करें।
- यदि उनमें लक्षण विकसित होते हैं या परीक्षण परिणाम पॉज़िटिव आता है, तो अधिक सलाह के लिए अपनी स्थानीय सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाई या डॉक्टर/स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से संपर्क करें।
- इस परिणाम के बारे में बताने के लिए अपने स्कूल/चाइल्डकेयर से संपर्क करें।

! यदि आपने प्रश्न 2 के लिए "हाँ" का उत्तर दिया है तो स्कूल या चाइल्डकेयर न जाएँ।

- छात्र/बच्चे को सेल्फ़-आइसोलेट (घर पर) रहना चाहिए और चिकित्सा आपातकाल को छोड़कर बाहर नहीं निकलना चाहिए।
- सार्वजनिक स्वास्थ्य की सलाह का पालन करें। आपके स्थानीय सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाई द्वारा अनुमति दिए जाने के बाद छात्र/बच्चा स्कूल/चाइल्डकेयर में लौट सकता है।
- यदि उनमें लक्षण विकसित होते हैं, तो अधिक सलाह के लिए अपनी स्थानीय सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाई या डॉक्टर/स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से संपर्क करें।
- यदि आप प्रांत के टोरंटो जैसे विशिष्ट क्षेत्रों में रहते हैं, तो भाई-बहन और आपके घर के अन्य लोगों को घर पर रहना चाहिए। ऐसा स्थानीय जोखिम कारकों के कारण है।
- यदि आप ओंटारियो के अन्य क्षेत्रों में रहते हैं, तो भाई-बहन और आपके घर के अन्य लोग स्कूल, चाइल्डकेयर या काम पर जा सकते हैं, लेकिन अन्य गैर-जरूरी कारणों के लिए घर से बाहर नहीं जाना चाहिए। अधिक जानकारी के लिए अपने स्कूल/चाइल्डकेयर से संपर्क करें।
- इस परिणाम के बारे में बताने के लिए अपने स्कूल/चाइल्डकेयर से संपर्क करें।

! यदि आपने प्रश्न 4 के लिए "हाँ" में उत्तर दिया है तो स्कूल या चाइल्डकेयर न जाएँ।

- छात्र/बच्चे को सेल्फ़-आइसोलेट (घर पर) रहना चाहिए और चिकित्सा आपातकाल को छोड़कर बाहर नहीं निकलना चाहिए।
- उनका COVID-19 परीक्षण कराने के लिए आंकलन केंद्र पर जाएँ।
  - यदि उनके परीक्षण का परिणाम नेगेटिव आता है (वे वायरस से संक्रमित नहीं है), तो वे स्कूल/चाइल्डकेयर में लौट सकते हैं।
  - यदि उनके परीक्षण का परिणाम पॉज़िटिव आता है (वे वायरस से संक्रमित हैं), तो वे आपकी स्थानीय सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाई द्वारा अनुमति दिए जाने के बाद ही लौट सकते हैं।

- यदि उनमें लक्षण विकसित होते हैं, तो अधिक सलाह के लिए अपनी स्थानीय सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाई या डॉक्टर/स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से संपर्क करें।
- भाई-बहन या आपके घर के अन्य लोग स्कूल, चाइल्ड केयर या काम पर जा सकते हैं, लेकिन अन्य गैर-आवश्यक कारणों से घर से बाहर नहीं जाना चाहिए, जब तक कि जिस व्यक्ति को COVID अलर्ट प्राप्त प्राप्त हुआ था, उसका परीक्षण नेगेटिव नहीं होता है, या आपकी स्थानीय सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाई द्वारा अनुमति न दी गई हो।
- इस परिणाम के बारे में बताने के लिए अपने स्कूल/चाइल्डकेयर से संपर्क करें।

यदि आपने प्रश्न 5 या प्रश्न 6 में शामिल किसी भी लक्षण के लिए "हाँ" में उत्तर दिया है, तो स्कूल या चाइल्ड केयर न जाएँ।

- छात्र/बच्चे को अलग (घर पर) रहना चाहिए और परीक्षण करवाने या किसी चिकित्सा आपातकाल को छोड़कर बाहर नहीं निकलना चाहिए।
- यदि आपने **प्रश्न 5 के लिए "हाँ"** में उत्तर दिया है, तो छात्र/बच्चे को COVID-19 परीक्षण की आवश्यकता सहित सलाह या , मूल्यांकन प्राप्त करने के लिए डॉक्टर/स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से संपर्क करें।
- यदि आपने **प्रश्न 6 के लिए "हाँ"** में उत्तर दिया है, तो छात्र/बच्चा स्कूल या चाइल्ड केयर में तब लौट सकता है, जब उस व्यक्ति का COVID-19 परीक्षण परिणाम नेगेटिव हो, या आपकी स्थानीय सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाई द्वारा अनुमति दी गई हो या उसे कोई अन्य बीमारी होने की पुष्टि हुई हो।
- भाई-बहन या आपके घर के अन्य लोगों को तब तक घर पर रहना चाहिए जब तक कि लक्षण दिखाने वाले छात्र/बच्चे या व्यक्ति के परीक्षणों का परिणाम नेगेटिव नहीं होता है या आपकी सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाई द्वारा अनुमति नहीं दी जाती है, या उसे कोई अन्य बीमारी होने की पुष्टि नहीं हो जाती है।
- इस परिणाम के बारे में बताने के लिए अपने स्कूल/चाइल्डकेयर से संपर्क करें।

यदि आपने सभी प्रश्नों का उत्तर "नहीं" दिया है, तो आपका बच्चा स्कूल/चाइल्ड केयर में जा सकता है क्योंकि वे स्वस्थ प्रतीत होते हैं और COVID-19 से संक्रमित नहीं हैं। इस परिणाम (यदि लागू हो) के बारे में कर्मचारियों को बताने के लिए अपने स्कूल/चाइल्ड केयर प्रदाता द्वारा स्थापित प्रक्रिया का पालन करें।

सार्वजनिक स्वास्थ्य ओंटारियो - संपर्क ट्रेसिंग

इन सवालों के जवाब देना वैकल्पिक है। इस जानकारी का उपयोग केवल सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा संपर्क ट्रेसिंग के लिए किया जाएगा। सारी जानकारी 28 दिनों में हटा दी जाएगी।

तारीख: ______________________________

नाम: ______________________________

फ़ोन या ईमेल: ______________________________